प्रदर्शनकारियों ने कहा- वापस भेजे जाए पाकिस्तानी बल

अधिकारों के लिए पीओके में कई स्थानों पर प्रदर्शन

विरोध

मुजफ्फराबाद, एजेंसी। पाक अधिकृत कश्मीर (पीओके) के कई हिस्सों में शुक्रवार को प्रदर्शन हुए। प्रदर्शनकारियों ने बुनियादी अधिकारों की मांग करते हुए हत्याओं और स्वतंत्रता को लेकर जवाबदेही तय करने की मांग की। साथ ही पीओके से पाकिस्तानी बलों की तत्काल वापसी की भी मांग की।

सुधनोटी में 13 अगस्त को धरना दिया गया, जिसमें प्रदर्शनकारियों ने नारेबाजी करते हुए अपने अधिकारों की मांग की। वहीं, हजीरा मंडडोल में छात्रों ने बुनियादी अधिकारों के समर्थन में प्रदर्शन किया। रिपोर्ट के मुताबिक प्रदर्शन में हजारों छात्र और स्थानीय लोग शामिल हुए। उन्होंने पिछले आंदोलनों के दौरान मारे गए लोगों की मौत के लिए जवाबदेही तय करने की मांग की। साथ ही कहा कि आंदोलन में जान गंवाने वालों के बलिदान को भुलाया नहीं जाना चाहिए। प्रदर्शनकारियों ने पीओके से पाकिस्तानी बलों की तत्काल वापसी की भी मांग की। इस बीच, ब्रसेल्स में पाकिस्तानी दूतावास के बाहर भी प्रदर्शन हुआ। यूनाइटेड कश्मीर पीपुल्स नेशनल पार्टी (यूकेपीएनपी) के नेता साजिद हुसैन ने प्रदर्शनकारियों को संबोधित करते हुए पीओके में कथित मानवाधिकार उल्लंघनों की ओर यूरोपीय संस्थानों का ध्यान आकर्षित करने की अपील की। हुसैन ने 5 जून को जेकेजेएसी के नेता सरदार उमर नजीर पर कथित हमले का जिक्र किया। उन्होंने दावा किया कि नजीर हत्या के प्रयास में घायल हुए थे, जबकि उनके एक मित्र की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। उन्होंने कहा कि लोग 5 जून से सड़कों पर उतरकर अपना विरोध दर्ज करा रहे हैं और विभिन्न मांगों को लेकर करीब तीन वर्षों से प्रदर्शन जारी हैं।

मौतों और बल प्रयोग की स्वतंत्र जांच की मांग

पीओके की मानवाधिकार परिषद ने हाल की घटनाओं में हुई मौतों, नागरिकों के घायल होने और अत्यधिक या असंगत बल प्रयोग के आरोपों की स्वतंत्र, निष्पक्ष और पारदर्शी जांच की मांग की है। परिषद ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि मौजूदा हालात का सीधा असर आम नागरिकों पर पड़ रहा है। इससे उनके जीवन, नागरिक स्वतंत्रता, आवश्यक सेवाओं तक पहुंच और सुरक्षा की भावना प्रभावित हो रही है।

सैन्य प्रवक्ता पर जानकारी छिपाने का आरोप लगाया

बलोच वॉयस फॉर जस्टिस ने बलोचिस्तान के सुराब जिले के गिद्दर इलाके में बमबारी को लेकर पाकिस्तान के सैन्य प्रवक्ता डीजी आईएसपीआर के बयान को खारिज कर दिया है। संगठन ने आरोप लगाया कि सैन्य प्रवक्ता का बयान तथ्यों को तोड़-मरोड़कर पेश करने और क्षेत्र में कथित युद्ध अपराधों को छिपाने की कोशिश है। बीवीओ ने दावा किया कि डीजी आईएसपीआर ने घटना को लेकर अत्यधिक अतिशयोक्ति का सहारा लिया गया।

अगले माह दिल्ली आएंगे पेजेशकियन

नई दिल्ली, एजेंसी। ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन सितंबर में नई दिल्ली में होने वाले आगामी ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने के लिए भारत आएंगे। ईरानी सूत्रों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

भारत 2026 में ब्रिक्स की अध्यक्षता कर रहा है और उसकी मेजबानी में 18वां ब्रिक्स शिखर सम्मेलन सितंबर में राष्ट्रीय राजधानी में आयोजित किया जाएगा। सम्मेलन की थीम 'लचीलेपन, नवाचार, सहयोग और स्थिरता के लिए निर्माण' रखी गई है। भारत ने ब्राजील से ब्रिक्स की अध्यक्षता संभाली थी।

बांग्लादेश के यार्ड में गैस लीक, आठ मरे

चटगांव। बांग्लादेश के एक पोत तोड़ने वाले यार्ड में शुक्रवार को गैस लीक होने से आग लोगों की मौत हो गई। ये गैस पोत को तोड़ते समय लीक हुई थी। घटना के बाद पांच अन्य मजदूर लापता बताए जा रहे हैं। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि दक्षिण-पूर्वी बंदरगाह शहर चटगांव में यार्ड के अंदर से चीखने-चिल्लाने की आवाजें सुनाई दीं, जिसके बाद मजदूर कुछ पीड़ितों को अस्पताल ले गए। वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा कि घटना की जांच के लिए एक समिति बनाई गई है।

अगले कुछ वर्षों में अंतरिक्ष महाशक्ति बनेगा भारत

सिडनी,एजेंसी। पूर्व ऑस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री स्कॉट मॉरिसन ने भारत के अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी के उज्ज्वल भविष्य की जमकर सराहना की है। उन्होंने कहा कि अपनी भौगोलिक स्थिति, औद्योगिक क्षमताओं और उभरती तकनीक के आधार पर भारत अगले 20 से 30 वर्षों में एक बड़ा अंतरिक्ष शक्ति केंद्र बन सकता है।

इंडो-मेडिटेरेनियन संवाद को वर्चुअल संबोधित करते हुए मॉरिसन ने इस बात पर जोर दिया कि यह अवसर तकनीक, निर्माण और निवेश के क्षेत्रों में व्यापक रूप से फैला हुआ है। उन्होंने कहा कि जैसे-जैसे भारत की अंतरिक्ष अर्थव्यवस्था परिपक्व होगी, वह इस क्षेत्र में एक नई मिसाल कायम करेगा। मॉरिसन ने भारत के लोकतांत्रिक ढांचे की तारीफ करते हुए कहा कि भारत अपने लोकतंत्र और संस्थानों को बहुत गंभीरता से लेता है। यही वजह है कि विदेशी निवेशक यहां अपनी पूंजी लगाने के लिए आकर्षित होते हैं।

वैश्विक कंपनियां अब चीन में अपने निवेश पर विचार कर रही हैं। ऐसे समय में भारत एक बेहद मजबूत और बेहतर विकल्प बनकर उभरेगा।

■ पूर्व ऑस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री ने अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी को सराहा

अमेरिका-इजरायल बढ़ा रहे पश्चिम एशिया में तनाव

जिनेवा, एजेंसी। रूस ने यमन पर लगी नाकेबंदी को तत्काल और पूरी तरह हटाने की मांग की है। उसने अमेरिका और इजरायल पर हूती बलों को संघर्ष में शामिल करने का आरोप लगाते हुए कहा कि दोनों देशों की कार्रवाई से पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ा है।

यमन पर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की बैठक में रूस की प्रतिनिधि दीना गिलमुत्दिनोवा ने अंतरराष्ट्रीय समुदाय से यमन में भोजन, दवाओं और अन्य जरूरी मानवीय सहायता की आपूर्ति पर लगी सभी पाबंदियां हटाने की अपील की। उन्होंने कहा कि यमन में शांति प्रक्रिया लंबे समय से ठप है, जिसके कारण स्थानीय पक्ष व्यापक क्षेत्रीय संघर्ष का हिस्सा बन गए हैं। रूस ने कहा कि यमन में मौजूदा सैन्य और राजनीतिक स्थिति अप्रैल, 2022 के आंतरिक संघर्ष विराम की अवधि समाप्त होने के बाद से सबसे गंभीर संकट है।

हालांकि, रूस ने लाल सागर में वाणिज्यिक और सैन्य पोतों की आवाजाही बाधित करने वाली हूती विद्रोहियों की कार्रवाइयों की भी निंदा की। उसने कहा कि नौवहन की स्वतंत्रता की बिना शर्त सुरक्षा सुनिश्चित की जानी चाहिए, ताकि किसी को भी परेशानी न हो। तनाव करने का रास्ता खोजना चाहिए।

होर्मुज में तेल टैंकर पर ड्रोन से हमला

मध्य-पूर्व में जंग

लंदन, एजेंसी। होर्मुज से बाहर निकलते समय एक वाणिज्यिक टैंकर को ड्रोन ने निशाना बनाया। ब्रिटेन के यूनाइटेड किंगडम मैरीटाइम ट्रेड ऑपरेशंस (यूकेएमटीओ) ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। घटना 13 अगस्त की बताई गई है।

यूकेएमटीओ ने सैन्य अधिकारियों की रिपोर्ट के हवाले से कहा कि हमले में टैंकर को मामूली नुकसान पहुंचा है। पोत पर सवार सभी चालक दल के सदस्य सुरक्षित हैं और किसी तरह के तेल रिसाव या पर्यावरणीय नुकसान की सूचना नहीं है। घटना के बाद यूकेएमटीओ ने होर्मुज से गुजरने वाले सभी वाणिज्यिक पोतों को अधिक सतर्क रहने की सलाह दी है। साथ ही, किसी भी संदिग्ध समुद्री गतिविधि की तत्काल सूचना देने को कहा है। इससे पहले संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) ने होर्मुज में सरकारी तेल कंपनी अबू धाबी नेशनल ऑयल कंपनी (एडीएनओसी) से जुड़े दो वाणिज्यिक पोतों पर ईरान के हमले की कड़ी निंदा की थी। यूएई के विदेश मंत्रालय ने कहा कि यह हमला संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के प्रस्ताव 2817 का स्पष्ट उल्लंघन है।

यूएई ने कहा कि हमले में किसी के घायल होने की सूचना नहीं है। उसने ईरान के इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स पर समुद्री मार्ग को आर्थिक दबाव के साधन के रूप में प्रयो करने का आरोप लगाया।

■ चालक दल के सदस्य सुरक्षित, पोतों को सतर्क रहने की सलाह

धोखाधड़ी मामले में ईडी ने की छापेमारी

नई दिल्ली, एजेंसी। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने 'सबवेंशन' योजना के जरिये घर खरीदारों से कथित धोखाधड़ी के दो मामलों में दिल्ली-एनसीआर में कई स्थानों पर छापे मारे। दरअसल, पीएमएलए के तहत की जा रही यह जांच एवीजे डेवलपर्स और रुद्र बिल्डवेल कंस्ट्रक्शन नामक रियल एस्टेट कंपनियों द्वारा सबवेंशन योजनाओं से घर खरीदारों से धोखाधड़ी के लिए बिल्डर और बैंक की कथित साठगांठ से संबंधित है।

हाइवे नाकेबंदी खत्म करने के लिए योजना बनाए केंद्र

अदालत से

नई दिल्ली, एजेंसी। सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को हिंसा प्रभावित मणिपुर में लंबे समय से जारी राजमार्गों की नाकेबंदी को समाप्त करने के लिए केंद्र सरकार से व्यापक समाधान तलाशने को कहा।

मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची तथा न्यायमूर्ति वी. मोहना की पीठ ने कहा कि मणिपुर में राजमार्गों की नाकेबंदी के मुद्दे का समाधान टुकड़ों में नहीं किया जा सकता। एक राजमार्ग खोलकर दूसरे को बंद रखने से समस्या का समाधान नहीं होगा। मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि राजमार्ग आम लोगों की जीवनरेखा हैं। सड़कों को अवरुद्ध करने से किसी भी समुदाय के हित पूरे नहीं हो रहे हैं। शीर्ष अदालत ने याचिका पर राज्य सरकार और अन्य पक्षों को नोटिस जारी किया।

रानी मुखर्जी को ऑस्ट्रेलिया में मानद डॉक्टरेट से नवाजा

अभिनेत्री को ला ट्रोब यूनिवर्सिटी ने दिया सम्मान

मेलबर्न, एजेंसी। अभिनेत्री रानी मुखर्जी को शुक्रवार को ऑस्ट्रेलिया की ला ट्रोब यूनिवर्सिटी ने मानद डॉक्टर ऑफ लेटर्स की उपाधि दी। वह शाहरुख खान के बाद दूसरी भारतीय फिल्म हस्ती हैं, जिन्हें यूनिवर्सिटी का यह सर्वोच्च सम्मान मिला। रानी को यह मानद डिग्री मेलबर्न के फेडरेशन स्क्वायर में आयोजित एक विशेष समारोह में दी गई। यह समारोह इंडियन फिल्म फेस्टिवल ऑफ मेलबर्न (आईएफएफएम) 2026 के तहत आयोजित किया गया था।

अफगान पर तालिबानी शासन के पांच साल

काबुल। अफगानिस्तान की सत्ता पर तालिबान शासन ने 15 अगस्त 2021 को दोबारा कब्जा किया था। इन पांच सालों को तालिबान सरकार अच्छा बता रही है, जबकि स्थिति इससे उलट है। लोगों की आजादी छिन चुकी है। अमेरिका और नाटो के सैनिकों के अफगानिस्तान से लौटने के बाद तालिबान ने इस देश में दोबारा खून-खराबा किया और सत्ता को हथिया लिया।

बैंक ऑफ़ बड़ौदा Bank of Baroda

ई-नीलामी बिक्री सूचना

क्षेत्रीय कार्यालय : प्रथम तल कलीचाबाद, कटघरा देहाती (निकट अंजू गिल एकेडमी) जौनपुर – 222001

अचल सम्पत्तियों के बिक्री के लिए सूचना "अनुर्गत -IV-A"
[नियम 8 (6) के प्रावधान देखें]

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूतिहित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 सपठित प्रतिभूतिहित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(6) के प्रावधान के तहत ई-नीलामी बिक्री सूचना।

एतद्द्वारा जनसाधारण एवं ऋणी, बन्धककर्ता तथा जमानतकर्ता को विशेष रूप से यह सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित बंधक अचल सम्पत्ति/बन्धक/ प्रभारयुक्त वास्तविक सम्पत्ति को, जिसे बैंक ऑफ बड़ौदा के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा कब्जे में लिया गया है को बैंक के बकाया वसूली के लिए प्राधिकृत अधिकारी द्वारा **"जो है जहाँ है", "जो है जैसे है" एवं "जो कुछ भी है"** के आधार पर बिक्री का प्रस्ताव आमंत्रित किया जाता है। ऋणी /जमानतकर्ता/बन्धककर्ता/प्रतिभूति आस्ति/देय राशि/आरक्षित मूल्य / ई-नीलामी की तिथि एवं समय, धरोहर राशि (ईएमडी) एवं बिड बढ़ोत्तरी राशि इत्यादि का विवरण निम्नलिखित है:-

धरोहर राशि (ईएमडी) का भुगतान ऑनलाइन एनईएफटी / ट्रान्सफर (चालान निष्पादन के बाद) https://www.baanknet.com के द्वारा 29.09.2026 को या उसके पहले किया जायेगा।

नीलामी की तिथि 29.09.2026
समय : प्रातः 10 बजे से सायं 6 बजे तक

क्र. सं.	ऋणी / जमानतदार / बंधककर्ता के नाम एवं पते	अचल सम्पत्ति का विस्तृत विवरण ज्ञात अधिभार सहित, यदि हो (स्वामी/बंधककर्ता का नाम)	कुल बकाया	ई-नीलामी की तिथि एवं समय (ग्राम्य से समाप्त तक समय)	आरक्षित मूल्य/ धरोहर राशि (ईएमडी)/बिड बढ़ोत्तरी राशि	कब्जा की स्थिति (स्वनात्मक/मौतिक)	सम्पत्ति निरीक्षण हेतु तिथि एवं समय
शाखा– विशिष्ट एसएसआई भदोही– 221401, मो. नं. 9554959083 E-mail : bhadoh@bankofbaroda.bank.in							
1.	**1. मेसर्स आमिना हैंडलूम, प्रतिनिधित्व द्वारा अपने प्रोप. श्री फैयाज़ नवाब अंसारी, पता–** म.नं. 110, मोहल्ला नूरखानपुर, भदोही (उ.प्र.)–221401 **(ऋणी)** **2. श्री फैयाज़ नवाब अंसारी** पुत्र मो. आमीन अंसारी, **पता–** म.नं. 68, मोहल्ला नूरखानपुर (उ.प्र.)–221401 **3. मो. आमीन अंसारी** पुत्र गरीफुल्ला अंसारी, **पता–** मोहल्ला नूरखानपुर, संतरविदास नगर, भदोही (उ.प्र.)– 221401	01. औद्योगिक प्लॉट नं. ई–129, सेक्टर–ए (आईआईडीसी) मौजा अहमदपुर, फुलवरिया, कार्पट सिटी फेज 01, **क्षेत्रफल– 360 वर्गमी. चौहद्दी– पूरब–** 09 मी. चौड़ा रोड, **पश्चिम–** औद्योगिक प्लॉट नं. ई–120, **उत्तर–** 09 मी. चौड़ा रोड, **दक्षिण–** औद्योगिक प्लॉट नं. ई–128 02. औद्योगिक प्लॉट नं. ई–120, सेक्टर–ए, मौजा अहमदपुर, फुलवरिया, आईआईडी योजना, **क्षेत्रफल– 360 वर्गमी. चौहद्दी– पूरब–** औद्योगिक प्लॉट नं. सेक्टर–ए, ई–129, **पश्चिम–** 09 मी. चौड़ा रोड, **उत्तर–** 09 मी. चौड़ा रोड, **दक्षिण–** औद्योगिक प्लॉट नं. सेक्टर–ए, ई–121 आवादी नं. 262	रु. 1,28,77,753.65 (रुपये एक करोड़ अट्ठाईस लाख सतहत्तर हजार सात सौ तिरपन एवं पैसे पैंसठ मात्र) दिनांक 21.12.2025 तक के ब्याज सहित अग्रिम ब्याज, शुल्क एवं व्यय दिनांक 22.12.2025 से प्रभावी	29.09.2026 समय– (प्रातः 10 बजे से सायं 06 बजे तक)	रु. 83,80,000.00 (आरक्षित मूल्य) रु. 8,38,000.00 (अग्रिम धनराशि) रु. 5,000.00 (बिड बढ़ोत्तरी राशि)	सांकेतिक	28.09.2026 समय : प्रातः 11:00 बजे से सायं 4:00 बजे तक
2.	**1. मेसर्स आमिना हैंडलूम, प्रतिनिधित्व द्वारा अपने प्रोप. श्री फैयाज़ नवाब अंसारी, पता–** म.नं. 110, मोहल्ला नूरखानपुर, भदोही (उ.प्र.)–221401 **2. श्री फैयाज़ नवाब अंसारी** पुत्र मो. आमीन अंसारी, **पता–** म.नं. 68, मोहल्ला नूरखानपुर (उ.प्र.)–221401 **3. मो. आमीन अंसारी** पुत्र गरीफुल्ला अंसारी, **पता–** मोहल्ला नूरखानपुर, संतरविदास नगर, भदोही (उ.प्र.)– 221401	अचल सम्पत्ति के सभी भाग व खण्ड का सांमिक बंधक दिनांक 09.03.2022 एवं अग्रिम विस्तार दिनांक 14.08.2024 स्थित औद्योगिक प्लॉट नं. ई–1 24, सेक्टर–बी, मौजा अहमदपुर, फुलवरिया, कार्पट सिटी फेज 01, **क्षेत्रफल– 300 वर्गमी. चौहद्दी– पूरब–** औद्योगिक प्लॉट ई–1 39, **पश्चिम–** 09 मी. चौड़ा रोड, **उत्तर–** औद्योगिक प्लॉट नं. ई–1 23, **दक्षिण–** औद्योगिक प्लॉट नं. ई–1 25	रु. 1,28,77,753.65 (रुपये एक करोड़ अट्ठाईस लाख सतहत्तर हजार सात सौ तिरपन एवं पैसे पैंसठ मात्र) दिनांक 21.12.2025 तक के ब्याज सहित अग्रिम ब्याज, शुल्क एवं व्यय दिनांक 22.12.2025 से प्रभावी	29.09.2026 समय– (प्रातः 10 बजे से सायं 06 बजे तक)	रु. 90,43,000.00 (आरक्षित मूल्य) रु. 9,04,300.00 (अग्रिम धनराशि) रु. 5,000.00 (बिड बढ़ोत्तरी राशि)	सांकेतिक	28.09.2026 समय : प्रातः 11:00 बजे से सायं 4:00 बजे तक
3.	**1. मेसर्स आर.एन. इंटरप्राइजेस, पता–** बभनौती, भदोही, संतरविदास नगर (उ.प्र.)– 221401 **(ऋणी)** **2. श्री राजेन्द्र नाथ शुक्ला (पार्टनर एवं जमानतकर्ता एवं बंधककर्ता) पता–** बभनौती, भदोही, संतरविदास नगर (उ.प्र.)– 221401 **3. श्रीमती ममता देवी पत्नी दिनेश कुमार (पार्टनर एवं जमानतकर्ता) पता–** बभनौती, भदोही, संतरविदास नगर (उ.प्र.)– 221401 **4. श्रीमती प्रतिमा देवी पत्नी श्री शिवेन्द्र नाथ शुक्ला (पार्टनर एवं जमानतकर्ता एवं बंधककर्ता) पता–** बड़ी, बभनौती, पोस्ट उचेठा भदोही, संतरविदास नगर (उ.प्र.)– 221401	अचल सम्पत्ति के सभी भाग व खण्ड का सामिक बंधक दिनांक 07.08.2024 स्थित प्लॉट नं. 199/1, **क्षेत्रफल– 0.0837 हेक्टे. अर्थात 9006.12 वर्ग फीट** स्थित ग्राम– बड़ी तालुका असनाव, तहसील औराई, जिला– भदोही, संतरविदास नगर, **श्रीमती प्रतिमा देवी पत्नी शिवेन्द्र नाथ एवं राजेन्द्र नाथ शुक्ला पुत्र** राधेकृष्ण शुक्ला के नाम। **चौहद्दी– पूरब–** भूमि, **पश्चिम–** राधेश्याम शुक्ला की भूमि, **उत्तर–** श्यामराज यादव की भूमि, **दक्षिण–** रोड (बभनौती से ज्ञानपुर)	रु. 71,54,275.33 (रुपये इकहत्तर लाख चौवन हजार दो सौ पिचहत्तर एवं पैसे तैंतीस मात्र) दिनांक 19.04.2026 तक के ब्याज सहित अग्रिम ब्याज, शुल्क एवं व्यय दिनांक 20.04.2026 से प्रभावी	29.09.2026 समय– (प्रातः 10 बजे से सायं 06 बजे तक)	रु. 1,08,97,000.00 (आरक्षित मूल्य) रु. 10,89,700.00 (अग्रिम धनराशि) रु. 5,000.00 (बिड बढ़ोत्तरी राशि)	सांकेतिक	28.09.2026 समय : प्रातः 11:00 बजे से सायं 4:00 बजे तक

धरोहर राशि (ईएमडी) का भुगतान ऑनलाइन एनईएफटी / ट्रान्सफर (चालान निष्पादन के बाद) https://www.baanknet.com के द्वारा 08.09.2026 को या उसके पहले किया जायेगा।

नीलामी की तिथि 08.09.2026
समय : प्रातः 10 बजे से सायं 6 बजे तक

शाखा– सिपाह, निकट होटल रियर व्यू, जिला– जौनपुर – 222002, मो. न. 9554959066 E-mail : sipahj@bankofbaroda.co.in

4.	**1. श्री दिलीप सिंह** पुत्र राममूरत सिंह, **पता–** रेदासपुर, मीरागंज सदर, अब्दुल्लापुर, जिला– जौनपुर (उ.प्र.)–222132 **2. मीरा सिंह** पत्नी दिलीप कुमार सिंह, **पता–** रेदासपुर, मीरागंज सदर, अब्दुल्लापुर, जिला– जौनपुर (उ.प्र.)–222132	सम्पति के सभी भाग व खण्ड का सामिक बंधक स्थित प्लॉट नं. 856 **क्षेत्रफल– 0.071 हेक्टे.** जिसमें भूमि का एक भाग का **क्षेत्रफल– 1475 वर्गफीट अथवा 137.08 वर्गमी.** स्थित ग्राम सिद्दीकपुर, परगना हवेली, तहसील सदर, जिला– जौनपुर, क्षेत्रफल भवन सहित **श्रीमती मीरा सिंह** पत्नी दिलीप सिंह के नाम है। **चौहद्दी (सेलडीड के अनुसार) पूरब–** प्रस्तावित रास्ता, **पश्चिम–** नाली तत्पश्चात फतेबहादुर की भूमि, **उत्तर–** सुमित्रा की भूमि, **दक्षिण–** विक्रेता छविराज के उक्त प्लॉट का बकाया भाग	रु. 37,10,018.00 (रुपये सैंतीस लाख दस हजार अट्ठारह मात्र) सहित दिनांक 30.05.2025 तक + अग्रिम ब्याज दिनांक 31.05.2025 से प्रभावी + शुल्क, लागत एवं व्यय	08.09.2026 समय– (प्रातः 10 बजे से सायं 06 बजे तक)	रु. 50,43,600.00 (आरक्षित मूल्य) रु. 5,04,360.00 (अग्रिम धनराशि) रु. 5,000.00 (बिड बढ़ोत्तरी राशि)	सांकेतिक	07.09.2026 समय : प्रातः 11:00 बजे से सायं 4:00 बजे तक

बिक्री के नियम एवं शर्तों की विस्तृत जानकारी के लिए कृपया बैंक ऑफ बड़ौदा (सुरक्षित ऋणदाता) में प्रदत्त लिंक का अवलोकन करें– वेबसाइट : www.bankofbaroda.bank.in/e-auction & https://baanknet.com

दिनांक– 15.08.2026

प्राधिकृत अधिकारी/मुख्य प्रबन्धक, बैंक ऑफ बड़ौदा

प्रकाशक समुद्र भट्टाचार्य द्वारा हिन्दुस्तान मीडिया वेन्चर्स लिमिटेड (एच एम वी एल) के पक्ष में हिन्दुस्तान मीडिया वेन्चर्स लिमिटेड सी–27/210, कैलगढ़ हाउस, जगतगंज, वाराणसी–221001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं मुद्रक समुद्र भट्टाचार्य द्वारा हिन्दुस्तान मीडिया वेन्चर्स लिमिटेड, अराजी न. 603/5, मौजा - कोइराजपुर, तहसील - पिण्डरा, वाराणसी –221105 (उ.प्र.) से मुद्रित
प्रधान सम्पादक : **शशि शेखर** स्थानीय सम्पादक : **रजनीश त्रिपाठी** * **दूरभाष : वाराणसी : पी.बी.एक्स.** (0542) 6616000 आर.एन.आई. नं. **UPHIN/2010/33858**
* सम्पादक इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.पी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी।